## खास-खबरें

### 2.33 लाख किसानों के खातों में 46.68 करोड़ रु. की राशि जमा



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशाः** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों को आर्थिक सहायता राशि वितरण कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट शुक्रवार को जिले भर में देखा और सुना गया। जिला मुख्यालय विदिशा पर यह कार्यक्रम एनआईसी के व्हीसी कक्ष में आयोजित किया गया, जहां जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में किसानों को राशि स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर बताया गया कि योजना के अंतर्गत विदिशा जिले के कुल 2 लाख 33 हजार 445 किसानों के बैंक खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से कुल 46 करोड़ 68 लाख 90 हजार रु. की राशि अंतरित की गई है।

### श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ दशामाता का पूजन, महिलाओं ने मांगी घर की खुशहाली



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, शाजापुरः** होली के दसवें दिन चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि पर शुक्रवार को शाजापुर शहर और अंचल में दशामाता का पर्व पूरी आस्था, परंपरा और उल्लास के साथ मनाया गया। घर-परिवार की दशा सुधारने और सुख-समृद्धि की कामना को लेकर सुहागिन महिलाओं ने दशामाता का व्रत रखा और विधि-विधान से पीपल के वृक्ष की पूजा-अर्चना की। नगर के प्रमुख क्षेत्रों, कॉलोनियों और मंदिर परिसरों में सुबह से ही भक्तिमय माहौल देखा गया। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों (सोलह श्रृंगार) में सज-धज कर शुभ मुहूर्त में पीपल के पेड़ के पास पहुंचकर सामूहिक रूप से पूजन किया।

### कन्या महाविद्यालय शिविर में 85 छात्राओं के आयुष्मान कार्ड बने



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशाः** स्थानीय राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या (अग्रणी) स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में छात्राओं के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु विशेष शिविर संपन्न हुआ। यह शिविर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.डी. अहिरवार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस प्रभारी डॉ. शांता अहिरवार द्वारा महाविद्यालय परिसर में किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से छात्राओं को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कार्ड बनाने की सुविधा प्रदान की गई। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. पुनीत माहेश्वरी के नेतृत्व में छह सदस्यीय आशा कार्यकर्ताओं की टीम ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस टीम में पिंकी जाटव, कविता रघुवंशी, सीमा शर्मा, उर्मिला भार्गव, भगवती विश्वकर्मा और प्रीति अहिरवार शामिल रहीं, जिन्होंने छात्राओं का पंजीयन कर आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया पूरी की।

### चौथे दिन पारस विहार वाटिका पहुंची गणगौर महिलाओं ने की पूजा-अर्चना



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** अग्रवाल महिला मंडल और माहेश्वरी महिला मंडल के तत्वाधान में दोनों के सहयोग से 10 दिवसीय गणगौर उत्सव की शुरुआत बीते दिनों हुई। उत्सव की शुरुआत शीतला सप्तमी मैं ज्वारे बोए जाते हैं। परंपरा अनुसार बोए जवारो का समापन तीज पर यानी गणगौर पर किया जाएगा। पर्व के चौथे दिन पारस विहार वाटिका में ढोल बाजे के साथ महिलाओं ने गणगौर निकाली। गणगौर माता कि विधि विधान से से पूजा कर उनको ज्वारे अर्पित किए। साथ ही महिलाओं ने पारम्परिक गीत गाकर सर्व समाज की की महिलाएं सुख संमृद्धि की कामना की।

# 1600 सिलेंडर की बुकिंग वेटिंग:एजेंसी संचालक बोले सर्वर की वजह से देरी



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है। हालांकि पिछले दो दिनों में करीब 1600 बुकिंग वेटिंग में पहुंच गई हैं। एजेंसी संचालकों का कहना है कि यह बुकिंग लगातार क्लियर की जा रही हैं और गैस की कोई कमी नहीं है। गैस एजेंसी संचालकों के अनुसार, अचानक ज्यादा बुकिंग आने या लोग मोबाइल नंबर अपडेट कराने पहुंचने के कारण सर्वर कुछ समय के लिए धीमा या डाउन हो जाता है। इसी वजह से बुकिंग में थोड़ी देरी हो रही है।

**शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम शुरूः** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने गैस से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए जिला और अनुभाग स्तर पर कंट्रोल रूम शुरू किया है। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का नंबर 9111568661 है। यह कंट्रोल रूम अगले आदेश तक रोज सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित रहेगा।

**कालाबाजारी रोकने के लिए बैठकः** गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने के लिए एसडीएम नितिन टाले, आष्टा थाना प्रभारी और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ने एलपीजी वितरकों के साथ बैठक की। बैठक में घरेलू और कमर्शियल सिलेंडरों के स्टॉक की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि जमाखोरी या कालाबाजारी मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद आष्टा की कई गैस एजेंसियों के गोदामों का भी निरीक्षण किया गया।

**कुछ कमर्शियल उपभोक्ताओं को फिलहाल सप्लाई बंदः** ऑयल कंपनी के अनुसार अभी अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों को छोड़कर अन्य वाणिज्यिक उपभोक्ताओं जैसे होटल, मॉल, फैक्ट्री और औद्योगिक इकाइयों को कमर्शियल गैस की आपूर्ति फिलहाल नहीं की जाएगी। जरूरी सेवाओं जैसे अस्पताल, स्कूल, पुलिस, सीआरपीएफ, डिफेंस और जेल आदि के लिए गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने का आकलन किया जा रहा है।

**एजेंसी संचालक बोले-गैस की कोई कमी नहीं**

गैस एजेंसी संचालक मुस्तफा हुसैन ने बताया कि जिले में गैस पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। लोग ओटीपी के लिए मोबाइल नंबर अपडेट कराने आ रहे हैं और अचानक ज्यादा कॉल या बुकिंग होने से सर्वर धीमा हो जाता है। उन्होंने कहा कि वेटिंग बुकिंग लगातार क्लियर की जा रही हैं और गैस की कोई कमी नहीं है।

## बेतवा में अवैध रेत उत्खनन ट्रैक्टर-ट्रॉली आदि जब्त



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** खनिज अधिकारी एवं खनिज निरीक्षक द्वारा अमले के साथ बेतवा नदी में हो रहे अवैध रेत उत्खनन के विरूद्ध कार्रवाई की गई।

कार्रवाई में तहसील गंज बासौदा के ग्राम निवादिया एवं कुरावद क्षेत्र में अवैध रूप से रेत उत्खनन करते पाए जाने पर एक रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया गया। साथ ही मौके से दो रेत छानने वाले छनना, चार फावड़े और 12 तगड़ियां सहित अन्य उपकरण भी जब्त किए गए। जब्त सामग्री को सुरक्षित रखते हुए दो छन्नों को देहात थाना में जमा कराया गया है। इसके अतिरिक्त ग्राम दुनतर में भी अवैध रेत उत्खनन की सूचना पर कार्रवाई करते हुए मौके पर उपयोग किए जा रहे ट्रैक्टर ट्यूब को नष्ट किया गया तथा तीन रेत छानने वाले उपकरणों को भी नष्ट किया गया।

यह पूरी कार्रवाई नायब तहसीलदार एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई। अधिकारियों ने बताया कि जब्त सामग्री के संबंध में नियमानुसार प्रकरण तैयार कर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

## संस्कार सेना की विशेष बैठक में पदाधिकारियों ने प्रतिमाह आर्थिक सहयोग का किया संकल्प



**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः** माता-पिता के प्रति समर्पित संस्था संस्कार सेना की भोपाल स्थित अशोका गार्डन में 11 मार्च को विशेष क्लास आयोजित की गई, जिसमें संस्था की स्थापना और उद्देश्य को पदाधिकारियों के सामने प्रस्तुत किया गया।

संस्थापक हरभजन जांगड़े ने बताया कि संस्कार सेना क्यों बनाई गई, इसकी आवश्यकता क्यों पड़ी और इसे देश के कोने-कोने तक पहुंचाकर हर घर में माता-पिता के सम्मान की अलख कैसे जगाई जाए। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों ने पहली बार संस्कार सेना के निर्माण के इतिहास और उद्देश्य को समझा। इसके बाद सभी पदाधिकारियों ने प्रतिमाह आर्थिक सहयोग का संकल्प लिया। योगदान की राशि 100 रुपए से लेकर 2100 रुपए तक तय की गई। सर्वप्रथम संस्कृति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव कपूर नागर ने तत्काल प्रभाव से 100 रुपए नगद जमा किए। इसके बाद राष्ट्रीय महासचिव हेमंत सोगानी ने 2100 रुपए, कुलदीप सिंह ने 500 रुपए और अन्य पदाधिकारियों ने भी प्रतिमाह सहयोग के रूप में राशि जमा की। बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि 30 मार्च तक भारत के सभी राज्यों में प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए प्रत्येक राज्य के प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे। आगामी बैठक 21 मार्च को जयपुर में आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय मुख्य सचिव अलका धुर्वे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। भोजपुरी जिले के पदाधिकारी और मीडिया प्रभारी ने भी तत्काल 100 रुपए जमा कर संस्था को मजबूती देने का आश्वासन दिया।

## बाइक से गिरकर 35 वर्षीय युवक की मौत

**शाजापुर।** जिले के सुंदरसी थाना क्षेत्र में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की जान चली गई। सीएम राइज स्कूल के सामने अपनी मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर गिरने के कारण युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान 35 वर्षीय दिनेश पिता अमृतलाल केवट के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को दिनेश अपनी मोटरसाइकिल से कहीं जा रहा था। इसी दौरान सीएम राइज स्कूल के समीप अचानक उसकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया। हादसे में सड़क पर गिरने की वजह से उसे गंभीर चोटें आईं और अत्यधिक रक्तस्राव व चोटों के कारण उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। मौके पर एएसआई राधेश्याम गोयल, ओमप्रकाश पटेल, अमानउल्लाह खान, माखन सिंह और पायलट संतोष देथलिया ने मोर्चा संभाला और भीड़ को नियंत्रित किया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है।

## भारतीय किसान संघ ने किसानों की मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** भारतीय किसान संघ के आवाहन पर नया बस स्टैंड मेला ग्राउंड में बड़ी संख्या में किसान एकत्रित हुए और सामूहिक रूप से भारत माता पूजन किया। इसके बाद सैकड़ों किसानों ने मोटरसाइकिल रैली निकालकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

**किसानों की प्रमुख मांगों में शामिल हैंः** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य के अनुसार गेहूं की खरीदी 2700 रुपए प्रति क्विंटल की जाए। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की ड्यू डेट 28 मार्च से बढ़ाकर 15 मई की जाए। बेतवा मेजर प्रेशराइज्ड इरिगेशन में छूटे हुए ग्रामों को शामिल किया जाए। समर्थन मूल्य खरीदी केंद्रों पर धर्म कांटों से तुलाई कराई जाए। मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल के निर्देश का पालन करते हुए गंजबासौदा कृषि उपज मंडी समिति में तुलाई के लिए लगने वाले 5 रुपए प्रति बोरा किसानों से न लिए जाएं। सरसों, चना, मसूर आदि फसलों की समर्थन मूल्य खरीदी हेतु पंजीकरण शीघ्र प्रारंभ किए जाएं। शासकीय रास्तों को अतिक्रमण मुक्त कराकर खेत-सड़क योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण कराया जाए। ग्रीष्मकालीन मूंगफली और तिली के बीज कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जाएं। मुख्यमंत्री कृषि पंप अनुदान योजना में लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर ट्रांसफार्मर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

कार्यक्रम में संभाग उपाध्यक्ष भगवान सिंह रघुवंशी, जिला मंत्री महेंद्र सिंह रघुवंशी, जिला कोषाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, जिला कार्यकारिणी सदस्य चंद्रशेखर माथुर, पूरन सिंह रघुवंशी, तहसील अध्यक्ष भगत सिंह रघुवंशी, तहसील उपाध्यक्ष यशवंत राजपूत, तहसील मंत्री भवानी शंकर शर्मा, जैविक प्रमुख महेश साहू सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस पहल के माध्यम से किसानों ने शासन और प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याओं और मांगों को प्रमुखता से रखा।

## कलेक्टर ने वीसी के माध्यम से स्वास्थ्य केन्द्रों में ओपीडी के दौरान डॉक्टरों की उपस्थिति जांची



**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौर :** कलेक्टर अदिती गर्ग ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिए गए निदेर्शों के पालन की समीक्षा करते हुए शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के पीएचसी एवं सीएचसी केंद्रों में चल रही ओपीडी के दौरान डॉक्टरों की उपस्थिति का निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने वीसी के माध्यम से विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों से जुड़कर यह जानकारी ली कि संबंधित केंद्रों पर कौन-कौन डॉक्टर उपस्थित हैं तथा कौन अनुपस्थित है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी मेडिकल आफिसर, सीएचओ एवं डॉक्टर ओपीडी के समय अनिवार्य रूप से केंद्र पर उपस्थित रहकर मरीजों का उपचार करें।

कलेक्टर ने कहा कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक तथा शाम 5:00 बजे से 6:00 बजे तक ओपीडी के दौरान डॉक्टरों का उपस्थित रहना अनिवार्य है। इस दौरान डॉक्टरों को अस्पताल से ही वीसी के माध्यम से जुड़ना होगा तथा वीडियो ऑन रखना होगा, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे केंद्र पर मौजूद हैं।

उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सीधे कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने बीएमओ को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा यह भी देखें कि सभी केंद्रों पर ओपीडी सुचारू रूप से संचालित हो रही है या नहीं।

साथ ही स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि सभी डॉक्टरों की उपस्थिति सार्थक एप पर दर्ज कराना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए तथा प्रतिदिन की उपस्थिति एवं ओपीडी की रिपोर्ट जिला स्तर पर प्रेषित की जाए। जिले में वर्तमान में 41 पीएचसी केंद्र, 11 सीएचसी केंद्र एवं 176 सब-सेंटर संचालित हैं, जहां डॉक्टरों द्वारा मरीजों का उपचार किया जाता है। कलेक्टर ने वीसी के माध्यम से कई केंद्रों से जुड़े डॉक्टरों से सीधे संवाद कर उनकी उपस्थिति और केंद्र पर उपलब्ध डॉक्टरों की जानकारी भी प्राप्त की।

## नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ, आठ खंडपीठों का गठन

**गंजबासौदा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 14 मार्च शनिवार को न्यायालय परिसर, बासौदा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसका शुभारंभ हरप्रसाद वंशकार, अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से न्यायालयों में लंबित प्रकरणों और बैंक, विद्युत, नगरपालिका एवं दूरसंचार विभाग बासौदा के प्रीलिटिगेशन मामलों का निराकरण किया जाएगा। इसके लिए कुल आठ खंडपीठों का गठन किया गया है। इन खंडपीठों में शामिल हैं: हरप्रसाद बंशकार, द्वितीय जिला न्यायाधीश विमलेश मुडैया, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड रावेंद्र कुमार सोनी, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड अब्दुल अजहर अंसारी, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड साक्षी प्रसाद, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड आफरीन युसुफजई, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड स्नोमारिया तिग्गा, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड और सृष्टि कुशवाह, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड।

## शिविर लगाकर किया गया 675 बच्चों का टीकाकरण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है।

इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 13 मार्च को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 496 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 179 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 83 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

## देवास में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक, नलजल योजनाओं के शीघ्र हस्तांतरण और शुल्क संग्रहण पर जोर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, देवासः** अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में शुक्रवार को जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में युनिसेफ, वाल्मी और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में सोनकच्छ और बागली ब्लॉकों के 10 गांवों में संचालित समुदाय संचालित आदर्श नलजल योजनाओं का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया।

बैठक के दौरान लक्षित ग्रामों के सरपंच, नलजल मित्र और जल सखियों ने अपने अनुभव साझा किए। अपर कलेक्टर सोलंकी ने नलजल मित्रों के अनुबंध की प्रक्रिया पर विचार करने के निर्देश दिए और योजना हस्तांतरण के बाद शुल्क संग्रहण के लिए अधिक से अधिक स्व सहायता समूहों को जोड़ने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर ग्राम बीसाखेडी की जल सखी विमला राणा को विज्ञान भवन, दिल्ली में आयोजित जल महोत्सव कार्यक्रम के दौरान जलशक्ति मंत्रालय द्वारा प्रदान किया गया सम्मान पत्र अपर कलेक्टर सोलंकी ने प्रदान कर सम्मानित किया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री अमित सिंह ने जिले में संचालित 645 एकल नलजल योजनाओं की स्थिति की जानकारी दी। इनमें 512 योजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है जबकि 133 प्रगतिशील हैं। 430 योजनाओं को पंचायतों को हस्तांतरित किया जा चुका है और शेष 82 योजनाओं के शीघ्र हस्तांतरण के निर्देश दिए गए। मध्य प्रदेश जल निगम की प्रबंधक आयुषी जैन ने समूह नलजल योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। पुंजापुरा समूह योजना का संचालन एवं संधारण किया जा रहा है।

## रघुवंशी समाज का होली मिलन समारोह कल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** श्री रघुवंश परमार्थ सेवा ट्रस्ट द्वारा रंगपंचमी और होली उत्सव के अवसर पर होली मिलन समारोह का आयोजन कल रविवार को बरेठ रोड स्थित रघुवंशी धर्मशाला में किया जाएगा।

ट्रस्ट के अध्यक्ष रामकृष्ण रघुवंशी ने बताया कि इस अवसर पर समाज के सभी स्वजातीय बंधु एकत्रित होकर होली और रंगपंचमी का पर्व पारंपरिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाएंगे। कार्यक्रम में समाज के उत्थान, विकास और एकता को लेकर विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की जाएगी।

यह कार्यक्रम सामाजिक मेलजोल और सांस्कृतिक गतिविधियों का अवसर प्रदान करेगा, जिसमें समाज के सभी सदस्य सहभागिता करेंगे और आपसी भाईचारे को मजबूत बनाएंगे।

## किन्नर अखाड़ा की बैठक में मंत्रोच्चार के बीच पट्टाभिषेक

**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** उज्जैन में सिंहस्थ -28 की तैयारियों को लेकर इंटरनेशनल किन्नर अखाड़ा की महत्वपूर्ण बैठक उज्जैन में हुई। नीलगंगा स्थित शिवांजलि गार्डन में शुक्रवार को हुई इस बैठक में देश के विभिन्न राज्यों से आए किन्नर संतों ने भाग लिया। बैठक के बाद धार्मिक विधि-विधान के साथ कई संतों को महामंडलेश्वर और श्रीमहंत की उपाधि प्रदान कर उनका पट्टाभिषेक किया गया।

शुक्रवार दोपहर अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रवींद्र पुरी महाराज के सानिध्य में आयोजित बैठक में इंटरनेशनल किन्नर अखाड़ा की आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी सहित अखाड़े के कई पदाधिकारी और देशभर से आए किन्नर संत मौजूद रहे। बैठक में आगामी सिंहस्थ मेले में किन्नर अखाड़ा की भूमिका, धार्मिक गतिविधियों और व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। बैठक के उपरांत आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विभिन्न प्रदेशों से आए संतों का विधि-विधान के साथ पट्टाभिषेक किया। इस दौरान चांदी के शंकर पर दुग्धाभिषेक किया गया और केसरिया शाल ओढ़ाकर तथा पुष्प वर्षा के साथ संतों को




सम्मानित किया गया। ये बने महामंडलेश्वरधार्मिक अनुष्ठान के बाद गुजरात से दिलीपनंद गिरी एवं नंदिनीनंद गिरी, तेलंगाना से महाकालीनंद गिरी, राजस्थान से कामाख्यानंद गिरी सीतारमण, उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के गढ़ी मानिकपुर से रेखानंद गिरी को महामंडलेश्वर की उपाधि प्रदान की गई। इंदौर से पांच श्रीमहंतइंदौर की सुनहरीनंद गिरी, आकांक्षानंद गिरी, गुंजननंद गिरी, अलोपीनंद गिरी और खुशीनंद गिरी को तथा महाराष्ट्र के अकोला निवासी गणेशानंद गिरी को श्रीमहंत की उपाधि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान किन्नर अखाड़ा से जुड़े संतों ने कहा कि सिंहस्थ-2028 में किन्नर अखाड़ा धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाएगा।